भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1610

(दिनांक 31.07.2024 को उत्तर देने के लिए)

देशभक्ति से संबंधित फिल्मों के निर्माण में गिरावट

1610. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरेः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में देशभक्ति से संबंधित फिल्मों के निर्माण में भारी गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान आज तक कितनी देशभक्ति से संबंधित फिल्मों का निर्माण और दूरदर्शन पर प्रसारण किया गया है;

(घ) क्या सरकार का उक्त फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहन देने और फिल्मों में हिंसा को रोकने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) और (ख): फिल्मों का निर्माण मुख्यतः फिल्म उद्योग के माध्यम से होता है और इस प्रकार देश में देशभक्ति से संबंधित सामग्री आदि सहित सामग्री की प्रकृति के संबंध में कोई आंकड़े इस मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं।

(ग): तथापि, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने पिछले तीन वर्षों के दौरान देशभक्ति संबंधी सामग्री से संबंधित 1 (एक) सह-निर्माण फिल्म और 13 वृतचित्रों का निर्माण किया है। इसके अतिरिक्त, पिछले तीन वर्षों के दौरान दूरदर्शन ने देशभक्ति संबंधी सामग्री वाली 22 फिल्मों का प्रसारण किया है।

(घ) से (च): हिंसा के दृश्यों/संवादों वाली फिल्मों को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा चलचित्र अधिनियम की धारा 5-ख के अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए प्रमाणित किया जाता है।

*****